न्यू लॉंच

वन टच अल्ट्रा-2 ग्लूकोमीटर

■ विशाल खण्डेलवाल

दुनियाँ में सबसे अधिक ग्लूकोमीटर बेचने वाली कम्पनी लाईफस्कैन (जॉनसन एण्ड जॉनसन कम्पनी का एक प्रभाग) ने भारत में अपना नया उत्पाद वन टच अल्ट्रा–2 लॉंच किया है। यह आज अमेरिका में सबसे ज्यादा बिकने वाला ग्लूकोमीटर मॉडल है, क्योंकि सटीक व लैब से मिलते–जुलते परिणाम देने के साथ ही इसमें अनेक और भी खूबियाँ हैं।

शोध से यह पता चला है कि मधुमेह में हार्ट अटैक होने के खतरे का संबंध खाने के बाद बढ़ने वाली शुगर से ज्यादा रहता है बनिस्बत खाली पेट की शुगर के। यदि आपका ग्लूकोमीटर आपको यह सुविधा दे जिससे आप अपने परिणाम के साथ यह भी मेमोरी में अंकित कर सकें कि यह रीडिंग खाने के पहले की है या खाने के बाद की तो कहने ही क्या।

नये वन टच अल्ट्रा–2 में यह अनोखी खूबी है जिससे आप अपने ब्लड ग्लूकोज़ की रीडिंग के साथ यह चिन्हित कर

ज़िन्दगी भर की रिप्लेसमेंट गारंटी के साथ



नए वनटच अल्ट्रा™ 2 के साथ खाने के पहले और बाद में जाँच के बारे में अपने डॉक्टर से बात करें।

सकते हैं कि यह रीडिंग खाने के पहले की या खाने के बाद की खाने के पहले एवं खाने के बाद के परिणाम अलग–अलग दर्ज होने से आपके डॉक्टर को आपका इलाज निर्धारित करने में बहुत सहायता मिलती है। साथ ही आप भी यह जान सकते हैं कि किस प्रकार के भोजन से खून में ग्लूकोज़ की मात्रा कम या ज्यादा बढ़ती है।

इस ग्लूकोमीटर में एक और खूबी यह है कि यह 7, 14 या 30 दिनों बाद अपने खाने के पहले और खाने के बाद के परिणामों का औसत (Average) अलग–अलग देख सकते हैं इससे मरीज़ को सही आहार व दवाई चुनने में बहुत आसानी हो जाती है।

लैबोरेटरी से HbA1c टेस्ट करवाने पर आपको पिछले 3 महीने के औसत (Average) ब्लड ग्लूकोज़ की जानकारी हो सकती है परंतु यदि एक व्यक्ति का ब्लड ग्लूकोज़ बहुत कम एवं बहुत ज्यादा के बीच झूल रहा है तो भी HbA1c का परिणाम नॉर्मल आ सकता है, ऐसी स्थिति में खाने के पहले एवं खाने के बाद के ब्लड ग्लूकोज़ का औसत अलग–अलग इस ग्लूको मीटर से प्राप्त किया जा सकता है। इस ग्लूकोमीटर की अन्य खूबियाँ इस प्रकार हैं :–

- मात्र एक माक्रोलीटर खून से जाँच संभव
- पाँच सेकण्ड में परिणाम
- मॉनीटर पर बड़े अक्षरों में परिणाम
- ग्लूकोमीटर में पाँच सौ परिणामों की समय एवं तारीख के साथ मेमोरी
- कम्पनी का दावा है कि यह ग्लूकोमीटर पम्प 44 डिग्री सेंटीग्रट पर भी सही परिणाम देता है।
- जीवन भर की रिप्लेसमेंट गारन्टी अर्थात् खराब होने पर कम्पनी आपको नया ग्लूकोमीटर मुफ्त देगी।
- परिणामों को कम्प्यूटर पर डाऊन लोड कर ग्राफ की शक्ल में देखने की सुविधा।

इन सब खूबियों वालें ग्लूकोमीटर की कीमती मात्र 2800 रुपये रखी गई है। ● ● ●

उदा. : खाने के पहले या बाद में अपना परिणाम देखें.

उदा. : खाने के बाद के बढ़ते उच्च औसत को मॉनिटर दर्शाता है.